एक नजर में

ब्लेंडर्स प्राइड ने पेश किया रिजर्वड एक्सपीरियंसेज

उज्जैन. ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटरने 'ब्लेंडर्स प्राइड रिज़र्व्ड एक्सपीरियंसेज़' नामक एक नए सांस्कृतिक मंच की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य फ्लेवरको केवल स्वाद तक सीमित न रखते हुए उसे सभी इंद्रियों से महसूस किए जाने वाले अनुभव में बदलना है. यह मंचफ्लेवर को एक बहुआयामी यात्रा के रूप में प्रस्तुत करता है- जिसे केवल चखा ही नहीं, बल्कि देखा, सुना, महसूस औरअनुभव भी किया जा सकता है. शेफ कुणाल कपूर के साथ मिलकर तैयार किए गए इसविशेष अनुभव में एक निजी और एक्सक्लूसिव प्रस्तुति दी गई. पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ देबाश्री दासगुप्ता ने कहा आज के उपभोक्ता ऐसे अनुभवों की तलाश में हैं, जो केवलउपयोगिता तक सीमित न होकर अधिक खास, प्रीमियमऔर अलग महसूस हों. 'ब्लेंडर्स प्राइड रिजर्व्डएक्सपीरियंसेज़' के जरिए हम एक ऐसा सांस्कृतिक मंचतैयार कर रहे हैं, जो इस बदलाव को दर्शाता है और फ्लेवरकी गहराई व जटिलता को बहु-इंद्रिय अनुभवों के माध्यम सेप्रस्तुत करता है.

पंडित नेहरू को पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की

घटिटया। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 60 वी पुण्यतिथि चोक बाजार जगोटी में कांग्रेस के जगोटी मंडलम व जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहनलाल हेड़ा ने पंडित जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। कांग्रेस जगोटी मंडलम अध्यक्ष अनंत शर्मा ने कहा कि आजादी की लड़ाई में पंडित नेहरू अपनी युवावस्था में सत्रह साल अंग्रजों की जेल में बंद रहे, वे आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। अपने उद्बोधन में जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डॉ. चैनसिंह चौधरी ने कहा कि पिछले एक दशक से भारतीय राजनीति व सोशल मीडिया पर पंडित जवाहरलाल नेहरू की छवि को विकृत करने के प्रयास किए गए। मगर इतिहास को झुठलाया नहीं जा सकता है। इस अवसर पर राहुल चौधरी, ओम आंजना, किशन डोरिया, मोहनलाल परमार, राजू वर्मा, बंटी चौहान बरखेड़ी, टीकम परमार, मनीष पांचाल, बाल सेवादल कार्यकर्ता हेमराज आदि ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

ग्लोबल स्टैंडर्ड पर तैयार हो रहे विक्रमादित्य के इंजीनियर्स

- कुलगुरु प्रो. भारद्वाज की अनूठी पहल से छात्र सीख रहे इंडस्ट्री की बारीकियां
- सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने छात्रों को वैश्विक कार्य-दक्षता से जोड़ा; फ्लूइडोमेट देवास के शैक्षणिक भ्रमण में चमके भावी इंजीनियर्स

उज्जैन । राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता और व्यावहारिक दक्षता को नया आयाम देते हुए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने देवास स्थित प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाई फ्लूइडोमेट लिमिटेड का शैक्षणिक भ्रमण किया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज के मार्गदर्शन में आयोजित इस उच्चस्तरीय दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कक्षा में सीखी गई जटिल इंजीनियरिंग अवधारणाओं को वास्तविक और आधुनिक औद्योगिक परिवेश में क्रियान्वित होते हुए दिखाना था, ताकि वे भविष्य की वैश्विक चुनौतियों के लिए पूरी तरह सक्षम बन सकें।

इस ज्ञानवर्धक भ्रमण के दौरान छात्रों ने फ्लूइडोमेट लिमिटेड की अत्याधुनिक उत्पादन इकाइयों ,गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं और रोबोटिक व मशीनीकृत संचालन को बारीकी से समझा। वहां मौजूद देश के अनुभवी और वरिष्ठ इंजीनियरों ने छात्रों को हाइड्रोलिक कपलिंग और ट्रांसमिशन तकनीक की बारीकियों व उनके लाइव ऑपरेशन्स से रूबरू कराया, जो छात्रों के लिए एक व्यावहारिक अनुभव रहा।

विश्वविद्यालय के छात्रों को वैश्विक कार्य-दक्षता और कौशल से जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण दौरे पर मार्गदर्शन देते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि आज के दौर में सैद्धांतिक ज्ञान अपनी जगह महत्वपूर्ण है, लेकिन वास्तविक व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री का एक्सपोजर ही छात्रों को एक सफल व वैश्विक स्तर का इंजीनियर बनाता है। हमारा मुख्य ध्येय विश्वविद्यालय के छात्रों को केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि उन्हें आज की वैश्विक दक्षता और मांग से जोड़ना है। फ्लूइडोमेट लिमिटेड जैसे उच्च तकनीकी उद्योगों का यह दौरा हमारे छात्रों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर साबित होगा, जिससे वे कॉर्पोरेट और कोर-इंजीनियरिंग सेक्टर की बदलती जरूरतों को समझकर खुद को देश-विदेश के अग्रणी उद्योगों के अनुकूल तैयार कर सकेंगे।

संस्थान के इस अभिनव प्रयास पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि ऐसे औद्योगिक भ्रमणों से विद्यार्थियों को इंडस्ट्री की वास्तविक कार्यशैली और वहां के कड़े अनुशासन का प्रत्यक्ष अनुभव मिलता है, जिससे उनका विजन बड़ा होता है। हम भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों के साथ ऐसे संवाद और दौरों का सिलसिला जारी रखेंगे।

छात्र ले सकें राष्ट्रीय स्तर का नॉलज़...

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन का निरंतर यह प्रयास है कि हमारे छात्र किताबी दायरे से बाहर निकलकर सोचें। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक भ्रमण को इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक श्री शिवम शर्मा, खेमराज बैरागी, अंजलि उपाध्याय और रघुनंदन बघेल के मार्गदर्शन व नेतृत्व में संपन्न कराया गया।

राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में शुरू हुआ सप्त दिवसीय भागवत कथा सप्ताह

उन्हेल। जांगड़ा पोरवाल समाज द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ बुधवार को राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। शुभारंभ अवसर पर नगर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला।

शुरुआत में धाकड़ धर्मशाला में कलश एवं श्रीमद् भागवत पोथी पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात भव्य कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई राधा-कृष्ण मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं, वहीं कथा के यजमान श्रद्धापूर्वक भागवत पोथी लेकर अग्रभाग में चल रहे थे। नगर में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भागवत पोथी का पुष्पमाला अर्पित कर स्वागत एवं पूजन किया गया।

प्रथम दिवस कथा का आयोजन दोपहर 2.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक हुआ। कथा व्यास पं. आरती त्रिपाठी, श्रीधाम अयोध्या के मुखारविंद से श्रद्धालु भक्तजनों ने भागवत महात्म्य की कथा का श्रवण किया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि ईश्वर एक हैं, किंतु उनके स्वरूप अनेक हैं। भक्त जिस भाव से भगवान का स्मरण करता है, भगवान उसी स्वरूप में उसे दर्शन देते हैं। द्वितीय दिवस गुरुवार को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक राजा परीक्षित श्राप प्रसंग एवं अन्य धार्मिक वृत्तांतों की कथा का श्रवण कराया जाएगा। प्रथम दिवस के लाभार्थी हरिवल्लभ मेहता परिवार रहे। कथा में बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का उद्घाटन

महिदपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय महिदपुर के तत्वावधान में 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए पंच दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस बच्चों को व्यायाम तथा गिरधारीलाल उथरा के मार्गदर्शन में योगा प्राणायाम कराया गया।

तत्पश्चात आज्ञाकारिता विषय पर ब्रह्माकुमारी सोनू दीदी ने बच्चों की कक्षा ली। इसके बाद दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र प्रारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र में पधारे जेल अधीक्षक मनोहर बारेकर ने मूल्यों को बाल्यावस्था में धारण करने तथा संस्कारों की नींव को मजबूत करने पर जोर दिया। मंडी सचिव आश्विन सिंहा ने कहा संस्था के द्वारा जो भी बातें बताई जा रही है यदि उनमें से एक भी बात बच्चे धारण कर ले तो निश्चित रूप से बच्चों के जीवन में बदलाव आएगा। जवाहर डोसी ने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं। ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने अपने वक्तव्य में कहा यह शिविर बच्चों को क्या बनना है, नहीं सिखाता बल्कि कैसा इंसान बनना है सीखता है। काफी संख्या में शिविर में बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कुमारी प्रिंसी ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन विनोद जैन ने किया। आभार भरत कुमावत ने माना। अंत में सभी बच्चों को प्रभु प्रसाद दिया गया।

भागवत हजारों बार श्रवण के बाद भी देती है नित्य नूतन अनुभूति : पं. शर्मा

इंदौर. भगवत केवल कथा नहीं, जीवन की व्यथा को दूर करने का सबसे सहज और सरल माध्यम माना गया है. पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में भागवत कथा का श्रवण और आयोजन, दोनों ही कई गुना अधिक पुण्य देने वाले पुरुषार्थ माने गए हैं. दुनिया में एकमात्र भागवत ही ऐसी रचना है जो हजारों बार श्रवण करने के बाद भी नित्य नूतन अनुभूति देती है क्योंकि यह साक्षात भगवान की वाणी है.

ये विचार हैं राजस्थान के प्रख्यात भागवताचार्य पं. सतीशचन्द्र शर्मा के, जो उन्होंने श्री मालवा मील अग्रवाल पंचायत की मेजबानी में मालवा मील चौराहा स्थित अग्रवाल धर्मशाला, वाय एन रोड पर मंगलवार से प्रारम्भ हुए भागवत ज्ञान यज्ञ में भागवत की महत्ता बताते हुए व्यक्त किए. कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ जिसमें मुख्य यजमान श्यामा नरेश मित्तल, पार्षद एवं महापौर परिषद के सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया, समाजसेवी गणेश गोयल, संतोष गोयल, महेश अग्रवाल के आतिथ्य में पंचायत के अध्यक्ष गोविन्द गर्ग भमोरी, मंत्री सुशील अग्रवाल, आदि पदाधिकारी नंगे पैर भागवत जी को मस्तक पर धारण कर शामिल हुए. बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी कलश में पवित्र नदियों का जल लेकर यात्रा में भागीदार बनीं. अतिथियों का स्वागत महिला मंडल की अध्यक्ष मोनिका पोत्दार, अनिता गोयल, मंजू गर्ग ने किया. कथा शुभारंभ पर व्यास पीठ का पूजन सतीश मंगल,प्रमोद अग्रवाल आदि ने किया.

कमरतोड़ महंगाई, ऊपर से भारी भरकम जीएसटी से हो रही परेशानी : नवलखा

महिदपुर। अर्थव्यवस्था व जनमानस का आधार केन्द्र डीजल व पेट्रोल में कमरतोड़ मूल्यवृद्धि से आम जनता के जीवन स्तर में भारी बोझ होकर कमरतोड़ महंगाई पर जीवन में हाहाकार होकर नागरिकों को परेशानी का कहर झेलना पड़ रहा है। वहीं उल्टे राज्य सरकारों के मनमाफिक जीएसटी दरों की दोहरी मार से कृषि उद्योग, परिवहन व जन सामान्य के काम में आने वाली वस्तुओं के असहनीय मूल्यों में वृद्धि की मार भी पड़ रही है। आम गरीब मध्यम वर्ग के नागरिकों को केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा जीएसटी की दरों में भारी कमी लाने का साहस जुटाना चाहिये। अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर क्रूड ऑईल के भाव में कमी के बावजूद देश में 13 राज्यों में पेट्रोल 110 रुपये प्रति लीटर हो गया है इनमें 9 राज्यों में भाजपा या एनडीए की सरकारें विद्यमान है।

वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं म.प्र. कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता अशोक नवलखा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र

मोदी से मूल्यों में कमी लाने व लागत में कमी लाने के लिए अपनी राज्य सरकारों से जीएसटी कम करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है वहीं मुख्यमंत्री म.प्र. में भी जीएसटी कम करने का कदम उठावेंगे जिससे बड़ती महंगाई में रोक हो सकेगी। सरकार को आम उपभोक्ता के उपयोग में आने वाली महंगी वस्तुओं, सेवाओं पर नियंत्रण करने का अधिकार का उपयोग कर जनता को त्रासदी से राहत दिलाने की कार्रवाई युद्ध स्तर पर करना चाहिये।

दाता वॉरियर्स-बनारसिया क्वीन ने जीता जेवायसीसी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

- क्षीरसागर स्टेडियम में एक महीने तक चला रात्रिकालीन आयोजन, 30 टीमों ने दिखाया शानदार खेल

उज्जैन। जैन यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा क्षीरसागर स्टेडियम में दुधिया रोशनी के बीच आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। इस वर्ष पुरुष वर्ग में दाता वॉरियर्स और महिला वर्ग में बनारसिया क्वीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। समाज को एकजुट करने और नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित इस टूर्नामेंट में इस वर्ष महिला क्रिकेट के साथ बालक और बालिकाओं के भी विशेष मैच खेले गए।

महावीर इलेवन और हेलो किड्स चैंपियन रहे उपविजेता- पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में दाता वॉरियर्स ने जीत दर्ज कर ट्रॉफी उठाई, जबकि महावीर इलेवन उपविजेता रही। वहीं महिला वर्ग में बनारसिया क्वीन विजेता और हेलो किड्स चैंपियन उपविजेता रही। पुरुष

वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए आयुष मारू को मैन ऑफ द सीरीज, अतिशय पटौदी को बैट्समैन ऑफ द टूर्नामेंट और ऋषभ सकलेचा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। महिला वर्ग में प्रभा जैन वूमेन ऑफ द टूर्नामेंट और अंशु बाफना वूमेन बेस्ट बैट्समैन चुनी गईं।

एक महीने तक चला क्रिकेट का महाकुंभ-कमेटी सदस्य धीरेंद्र जैन ने बताया कि 24 अप्रैल से 24 मई तक अनवरत चले इस आयोजन में पुरुष वर्ग की सोलह और महिला वर्ग की आठ टीमों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा बालकों की चार और बालिकाओं की दो टीमों ने भी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रोजाना बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिकों ने दर्शक बनकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इन्होंने किया स्वागत और संचालन-संचालन शैलेंद्र जैन ने किया। सभी संरक्षकों का स्वागत गौरव सूर्या, विपिन कासलीवाल और रजत कोठारी ने किया। आयोजन समिति ने आभार व्यक्त किया।

अतिथियों ने किया ट्रॉफी वितरण

समापन अवसर पर पार्षद रजत मेहता और सुशील श्रीवास अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पुरुष वर्ग में नवकार संस्था के विशेष सहयोगी विजय जैन, आगम जैन और सुरभि जैन द्वारा ट्रॉफी का वितरण किया गया। वहीं महिला क्रिकेट टीम की ट्रॉफी सहयोगी संस्था गुजरात प्राइड के रजनीश मिंडा ने प्रदान की। अतिथियों का स्वागत अभिनंदन जेवायसीसी के संरक्षक विनोद बरबोटा, अमित कावड़िया, दिनेश जैन सुपरफार्मा, नरेश भंडारी और स्नेहलता सोगानी द्वारा किया गया।

दाम्पत्य जीवन विश्वास, त्याग और समर्पण से ही बनेगा सार्थक

- हरिधाम आश्रम गूँज रहा राम कथा की मंगल ध्वनि से

इंदौर. राम और सीता की जोड़ी को भारतीय संस्कृति का आदर्श युगल माना जाता है लेकिन अर्थ प्रधान इस युग में पाश्चात्य संस्कृति हावी हो रही है. विवाह के नाम पर प्रर्दशन पर फिजूलखर्ची की प्रवृत्ति बढ़ रही है. सीता लक्ष्मी का स्वरुप हैं और राम विष्णु क.। हमारा दाम्पत्य जीवन कैसा होना चाहिए, यह देखना है तो राम और सीता की जोड़ी को देखें. दाम्पत्य जीवन स्नेह, सदभाव, विश्वास, त्याग और समर्पण से ही सार्थक बनेगा.

ये प्रेरक विचार हैं श्रीधाम वृन्दावन के प्रख्यात कथाकार पं. श्रीराम प्रपन्नाचार्य महाराज के, जो उन्होंने हवा बंगला, कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम पर मंगलवार शाम को राम कथा में राम-सीता स्वयंवर सहित विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. कथा में सीता स्वयंवर का प्रसंग सुनाते हुए विद्वान वक्ता ने भारतीय सनातन संस्कृति की महत्ता और परम्पराएं भी बताई। ब्रज से आए भजन गायकों और संगीतज्ञों ने आज भी अपने मनोहारी भजनों से समूचे पंडाल को थिरकाए रखा. प्रारंभ में आश्रम के अधिष्ठाता महंत शुकदेवदास महाराज के सानिध्य में डॉ. सुरेश चोपड़ा, संजय अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, गोपाल गोयल, सीताराम नरेडी, ओमप्रकाश अग्रवाल, किशोर गोयल, विजय सिंह राणा एवं गुमान सिंह ठाकुर आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया. आश्रम पर यज्ञाचार्य पं. ललित पाठक के निर्देशन में 51 विद्वानों ने आश्रम परिसर में निर्मित यज्ञशाला में चल रहे हनुमत महायज्ञ में प्रतिदिन 1 लाख 60 हजार आहुतियाँ विद्वानों एवं यजमानों द्वारा समर्पित की जा रही हैं। अब तक यहाँ 11 लाख लक्ष्य के मुकाबले 6 लाख 40 हजार आहुतियाँ समर्पित की जा चुकी हैं.

हॉस्टल में उत्पात मचाने वाले छात्रों के पैरेंट्स को बुलाया

इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईईटी विभाग के हॉस्टल में अर्धनग्न होकर डांस और तोड़फोड़ करने वाले छात्रों पर कार्रवाई तेज हो गई है. वीडियो के आधार पर 17 छात्रों की पहचान कर उन्हें नोटिस जारी किया है. अब उनके अभिभावकों को यूनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा बुलाया जा रहा है.

जानकारी के अनुसार, अब तक 4 छात्रों के अभिभावक पहुंचकर प्रबंधन से चर्चा कर चुके हैं. घटना को लेकर अभिभावक भी असहज नजर आए और बच्चों की हरकत पर कुछ कह नहीं सके. विभाग के डायरेक्टर डॉ. प्रतोष बंसल के मुताबिक, छात्रों और उनके अभिभावकों से शपथपत्र लिया जा रहा है. इसमें यह शपथ ली जा रही है कि छात्र भविष्य में ऐसा कोई काम नहीं करेंगे, जिससे विभाग की छवि खराब हो, वे समाजहित में कार्य करेंगे और नियमों का पालन करेंगे.

प्रबंधन ने प्रत्येक छात्र पर 25 हजार रुपए की पेनल्टी भी लगाई है. इसमें साफ किया गया है कि पेनल्टी जमा किए बिना छात्रों का रिजल्ट जारी नहीं किया जाएगा. घटना के बाद छात्रों को परीक्षा से भी रोक दिया गया है, हालांकि जांच पूरी होने के बाद उनके शेष पेपर दिलवाए जाएंगे.

स्वच्छता किसी प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं बल्कि स्वच्छता में ही ईश्वर का वास

उज्जैन। खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा संभागीय तैराकी संघ उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में तरणताल, कोठी रोड स्विमिंग पूल पर आयोजित नि:शुल्क तैराकी प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों के शारीरिक, मानसिक एवं व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करने हेतु विशेष गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में शिविर में उपस्थित खिलाड़ियों को स्वच्छता बनाए रखने एवं अपने आसपास स्वच्छ वातावरण रखने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में संभागीय तैराकी संघ उज्जैन के अध्यक्ष राकेश तिवारी, सचिव हरिश शुक्ला, दीप ज्योति वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन, प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह चौहान एवं अश्विन टाटावत द्वारा खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

शिविर के दौरान डॉ. दीपक जैन एवं वीरेंद्र काले द्वारा सभी बच्चों को पौष्टिक अल्पाहार का वितरण भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि खेलों के साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार खिलाड़ियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं मजबूत व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

शिविर में खिलाड़ियों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन का उद्देश्य केवल तैराकी प्रशिक्षण देना ही नहीं, बल्कि अनुशासन, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों के माध्यम से एक स्वस्थ एवं सशक्त युवा पीढ़ी का निर्माण करना भी है।

एक नजर में आईसीएसआई इंदौर चैप्टर द्वारा आईपीओ विषय पर सेमिनार का आयोजन

विशेषज्ञों ने आईपीओ से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर दी जानकारी

इंदौर. भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के इंदौर चैप्टर द्वारा आईपीओ: अवसर, प्रक्रिया एवं नियामकीय परिप्रेक्ष्य विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया.

इंदौर चैप्टर के चेयरमैन सीएस अंकित मेड़तवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस फुल डे सेमिनार में पूंजी बाजार एवं कॉर्पोरेट क्षेत्र के विशेषज्ञों ने आईपीओ से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में मुंबई से पधारे सीएस बी. रंगनाथन, सीए विशाल संचेती तथा नागपुर से आए सीएस राहुल थाकवानी ने प्रतिभागियों को संबोधित किय. विशेषज्ञ वक्ताओं ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार इस समय आईपीओ की रफ्तार पर सवार है. कंपनियों की लंबी कतार स्टॉक एक्सचेंज पर दस्तक दे रही है तथा निवेशकों में नई लिस्टिंग को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है. सेमिनार के दौरान आईपीओ की संपूर्ण प्रक्रिया, सेबी विनिमय, एसएमई आईपीओ, ड्यू डिलिजेंस, लिस्टिंग आवश्यकताएं, निवेशकों की अपेक्षाएं एवं वर्तमान बाजार परिदृश्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई.

प्रश्नों का समाधान किया

इस सेमिनार में 200 से अधिक कंपनी सचिव सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों के साथ संवाद कर आईपीओ एवं पूंजी बाजार से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए. कार्यक्रम में रीजनल काउंसिल सदस्य सीएस अनुराग गंगराड़े, समिति सदस्य सीएस सुरभि अग्रवाल सहित मैनेजमेंट कमेटी के अन्य सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही. मंच संचालन सीएस गुंजन सचदेव ने किया.